हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 18 नवंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत विकसित और आत्मनिर्भर बनने के लिए उत्सुक है। नई दिल्ली में छठा रामनाथ गोयनका व्याख्यान देते हुए, श्री मोदी ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया व्यवधानों से भयभीत है, भारत आत्मविश्वास के साथ एक उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2022 में यूरोपीय संकट ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और ऊर्जा बाजारों को प्रभावित किया, जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ा, और इसके बावजूद, भारत की आर्थिक वृद्धि 2022-23 तक मज़बूती से जारी रही। उन्होंने कहा –

प्रधानमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि भारत न केवल एक उभरता हुआ बाज़ार है, बल्कि एक उभरता हुआ मॉडल भी है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज दुनिया भारतीय विकास मॉडल को आशा के मॉडल के रूप में देख रही है।

श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि चाहे केन्द्र सरकार हो या विभिन्न दलों के नेतृत्व में राज्य सरकारें हो, सर्वोच्च प्राथमिकता विकास और केवल विकास ही होना चाहिए।

****

नौवीं पातशाही हिंद की चादर श्री गुरू तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित नगर कीर्तन यात्रा के अंबाला छावनी पहुँचने पर श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया।

11 नवंबर को पिंजौर से प्रारंभ हुई इस विशाल नगर कीर्तन शहीदी यात्रा ने आज गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब से शुरू होकर अम्बाला छावनी के तोपखाना, में प्रवेश किया।

शहीदी यात्रा डिफैंस कालोनी गुरूद्वारा साहिब, कलरेहडी, से होते हुए निकली । हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज भी नगर कीर्तन यात्रा में नतमस्तक हुए।जगह जगह संगत नगर कीर्तन में शामिल होती गई। गुरु का लंगर भी अटूट बरताया गया।

यह नगर कीर्तन यात्रा विभिन्न इलाकों से होती हुई वापिस गुरूद्वारा श्री पंजोखरा साहिब पहुंचेगी यहां रात्रि ठहराव होगा ।

****

हरियाणा सरकार ने प्रदेशभर में गणमान्य व्यक्तियों को दिए जाने वाले गार्ड-ऑफ-ऑनर के सम्बन्ध में नए निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य प्रोटोकॉल से जुड़ी प्रक्रियाओं में एकरूपता, स्पष्टता और अनुशासन सुनिश्चित करना है, ताकि सभी विभागों, जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा निर्धारित मानकों का एक समान पालन किया जा सके।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, गार्ड-ऑफ-ऑनर के पात्र गणमान्य व्यक्तियों को दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। प्रथम श्रेणी में वे सभी उच्चपदस्थ व्यक्ति शामिल हैं जिन्हें भारत सरकार के प्रोटोकॉल के तहत गार्ड-ऑफ-ऑनर दिया जाता है।

इस श्रेणी के लिए गार्ड-ऑफ-ऑनर केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही दिया जाएगा।

दूसरी श्रेणी में हरियाणा के वे गणमान्य व्यक्ति शामिल हैं, जिन्हें विशेष परिस्थितियों में गार्ड-ऑफ-ऑनर दिया जाएगा। अधिसूचना में प्रत्येक गणमान्य व्यक्ति के लिए निर्धारित अवसरों पर गार्ड-ऑफ-ऑनर की संख्या और संरचना स्पष्ट रूप से निर्धारित की गई है।

****

कैथल जिले के सीवन मे कल खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दूध उत्पादों की एक फैक्ट्री पर छापेमारी की और जांच के लिए विभिन्न उत्पादों के नमूने लिए। फैक्ट्री में 300 किलो पनीर, 10 हजार लीटर नकली दूध पाया गया, जिसे विभाग के अधिकारियों ने तुरंत प्रभाव से सीवन के बाहर ले जाकर नष्ट करवा दिया। वहीं 2 हजार लीटर पाम रिफाइंड आयल, 2500 किलो मिल्क पाउडर व 600 किलो नकली घी जब्त कर लिया।

****

पंचकूला में चल रहे सरस मेले को मिले अभूतपूर्व जनसमर्थन को देखते हुए इसकी अवधि बढ़ा दी गई है। अब मेला 23 नवंबर को सम्पन्न होगा। इस से पहले मेला 17 नवम्बर को सम्पन्न होना था।

जनमानस की मांग को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय , हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की कार्यकारी समिति के उपाध्यक्ष एंव विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ साकेत कुमार द्वारा लिया गया है।

उन्होंने कहा कि सरस मेला सदैव से ग्रामीण स्वरोजगार, महिला स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने का प्रमुख मंच रहा है। इस वर्ष भी मेले को जनता द्वारा अत्यधिक प्रेम और समर्थन मिला है, जिसके चलते इसकी अवधि बढ़ाकर अधिक से अधिक लोगों तक इस सांस्कृतिक और आर्थिक उत्सव का लाभ पहुंचाने का निर्णय लिया गया है।

सरस मेला न केवल खरीदारी और स्वादिष्ट व्यंजनों का केंद्र है, बल्कि भारत की विविध संस्कृति और परंपराओं को एक मंच पर लाने का सुंदर प्रयास भी है।

****